प्रेस नोट

सराहनीय कार्य कानपुर देहात

दिनांक- 24.03.2025

- **थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार,**
- **थाना मंगलपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0- 112/2025 धारा 191(2)/191(3)/190/352/115(2)/110/105/117(2) बीएनएस में वांछित था अभियुक्त ।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर, श्री आलोक सिंह व पुलिस महानिरीक्षक कानपुर रेन्ज, कानपुर, श्री जोगेन्द्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में पुलिस अधीक्षक कानपुर देहात श्री बीबीजीटीएस मूर्ति के निर्देशन में जनपद कानपुर देहात में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी व अपराधों की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में थाना मंगलपुर पर वादिनी द्वारा दी गयी लिखित तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 112/2025 धारा 191(2)/191(3)/352/115(2)/110 बीएनएस बनाम 07 नफर नामजद व 5-6 व्यक्ति अज्ञात पंजीकृत किया गया था तथा मजरूब बलराम उर्फ बली पुत्र स्व0 श्रीकृष्ण निवासी ग्राम बलरामपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात की दौराने इलाज दिनांक 17.03.2025 को मृत्यु हो जाने व प्राप्त अन्य साक्ष्यों के आधार पर मुकदमा उपरोक्त मे नियमानुसार धारा 105/117(2)/190 बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी थी। मुकदमा उपरोक्त में थाना मंगलपुर पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये वांछित अभियुक्त नीतेश पुत्र श्री शिवप्रकाश निवासी ग्राम बलरामपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात को मुखबिर खास की सूचना पर दिनांक 23.03.2025 को झींझक रेलवे स्टेशन के पास थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात से गिरफ्तार किया गया। शेष अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर गिरफ्तारी के भरसक प्रयास किये जा रहे हैं। गिरफ्तारशुदा अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष नियमानुसार प्रस्तुत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण-

1. नीतेश पुत्र श्री शिवप्रकाश उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम बलरामपुर थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात

अभियुक्त का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 112/2025 धारा 191(2)/191(3)/190/352/115(2)/110/105/117(2) बीएनएस

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1.निरीक्षक श्री रजनीश कुमार थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।
2. हे0कां0 29 अवनीश कुमार थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।
3. हो0गा0 451 मेघ सिंह थाना मंगलपुर जनपद कानपुर देहात।